जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-16 | जयपुर, सोमवार, 18 अप्रैल, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## भाजपा युवा नेता शंकर गौरा के जन्म दिन पर वसुंधरा राजे ने दी बधाई, रक्तदान शिविर में उमड़ा जन सैलाब

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूँ विधानसभा के भाजपा युवा नेता शंकर गौरा के जन्म दिवस पर कचौलिया रोड स्थित शाही बाग गार्डन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जन्म दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत वीर हनुमान बालाजी के दर्शनों के साथ की गई, तत्पश्चात् गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया। रक्तदान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार कालीचरण सराफ व पूर्व मंत्री युनुस खाँन, किशनगढ़ विधानसभा प्रत्याशी-2018 विकास चौधरी,एबीवीपी के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री मिथिलेश गौतम ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारम्भ किया। अतिथियों ने अपने उद्धबोधन में कहा कि आज चौमूँ के युवाओं का जोश देखकर कहा कि लग रहा है कि चौमूँ का आगामी भविष्य शंकर गौरा जैसे मेहनती युवाओं के हाथों में सौपा जाना चाहिए। इसी दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने फोन कर शंकर गौरा को उसके जन्म दिवस की बधाई दी। रक्तदान कार्यक्रम में चौमू क्षेत्र के हजारों युवाओं,



महिलाओं, बुजुर्गों, गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में पहुँच कर शंकर गौरा को शुभकामना प्रेषित की। रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बड़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम में ब्लड बैंक की पाँच टीमों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने 1423 रक्त युनिट एकत्रित किया। कार्यक्रम में युवाओं में जोश भरने वाले गीत भी आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम को भव्य व सफल बनाने के लिए शंकर गौरा ने मंच के माध्यम से सभी जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं, गणमान्य नागरिकों को हृदय की गहराईयों से धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी को विश्वास दिलाया कि मैं सदैव आपके सुख-दुख में आपकी सेवा में तत्पर खड़ा रहूँगा। मंच संचालन मदन सेरावत, सुरेन्द्र भावरिया, अमित सैनी ने किया। विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों सहित हजारों युवा एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

**जयपुर (हमारा वतन)** शहर में रामनवमी के अबूझ सावे पर सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। माली समाज विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित 15 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस मौके पर चौमूं के आदर्श विद्या मंदिर से 21 दूल्हों की बारात रवाना हुई जो मुख्य मार्गों से थाना मोड़, बस स्टैंड होते हुए रींगस रोड स्थित सैनी समाज विवाह स्थल पहुंची। इस दौरान जगह-जगह ड्रोन द्वारा गुलाब के फूलों से पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। इस मौके पर समाज के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। माली समाज विकास समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि हर वर्ष रामनवमी के मौके पर सैनी समाज विकास समिति के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाता हैं। अब तक 500 से ज्यादा जोड़ों का विवाह विवाह संपन्न हो चुका है। सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 दुल्हे घोड़ी पर सवार होकर विवाह स्थल पहुंचे। इस दौरान बैंडबाजों की धुन पर बाराती डांस करते हुए नजर आए और इस दौरान बारात में सैकड़ों पुरुष महिलाएं शामिल हुए। नवविवाहित जोड़ों को सामूहिक विवाह सम्मेलन में सैनी समाज विकास समिति और भामाशाहों की ओर से उपहार के तौर पर गिफ्ट भेंट किए गए। अतिथि व भामाशाह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर मंगल आयु की कामना की। इस मौके पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, नगरपालिका चेयरमैन विष्णु सैनी, समाजसेवी श्रवण करोडिया, एमजेएफ ग्रुप चेयरपर्सन कैलाशराज सैनी, राजस्थान एग्रो डेवलपमेंट बोर्ड सदस्य लल्लूराम सैनी, महामंत्री घीसालाल तंवर, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, सह कोषाध्यक्ष रामेश्वर सिंगोदिया, संयुक्त मंत्री कन्हैयालाल पापटवाण, पार्षद धीरेंद्र सैनी, पार्षद अर्जुन लाल सैनी, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष सायर सिंह तंवर, नर्सिंग ऑफिसर प्रवीण सैनी, समाज सेवी गेंदीलाल सैनी, कानाराम खोवाल, पार्षद प्रतिनिधि श्रवण सैनी,सुरेश कुमार तंवर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर समिति की ओर से कार्यक्रम में सहयोग करने वाले भामाशाह एवं अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।


## विराज फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 96 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर रोड पर विराज फाउंडेशन की ओर से जयपुर हेल्थ केयर एंड आई केयर सेंटर में रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि कर्नल बजरंग सिंह, विशिष्ट अतिथि आरएन यादव, डाँ आर एस मनावत रहे । वैदिक मंत्रों से पं रामस्वरूप शर्मा ने मंत्रोच्चारण कर मां गायत्री की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । विराज फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने कहा कि रक्तदान कर जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं । शिविर में 96 यूनिट रक्त संग्रहित किया तथा 150 मरीजों का उपचार किया गया।









ये व्यक्ति के ही नहीं
इतिहास के हस्ताक्षर हैं।

महान बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और
भारत के संविधान के रचियता को

जन्म दिवस पर कोटि-कोटि नमन



"डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने जीवन काल में समानता के लिए संघर्ष किया और अपना पूरा जीवन देश के लिए अर्पित कर दिया। संविधान निर्माता के रूप में उनके योगदान के लिए देश सदैव ऋणी रहेगा। आधुनिक भारत की नींव तैयार करने में उनकी महती भूमिका रही।
भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को उनकी जयंती पर शत-शत नमन।"

**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# आवर हैण्ड फॉर हेल्प फाउंडेशन सच्चे मायनों में कर रहा जरूरतमंदों की मदद

**जयपुर (हमारा वतन)** शहर के मोरिजा रोड़ स्थित आवर हैण्ड फॉर हेल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

**भूखे,गरीब, भीख मांगते बच्चों को देखकर की फाउंडेशन की स्थापना**

फाउंडेशन संस्थापक अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश ने बताया की संस्था की शुरुआत 2016 में की गई थी । इसकी प्रेरणा हमें भूखे, गरीब, भीख मांगते बच्चों की परेशानी को देखकर मिली।

**ये हैं फाउंडेशन के मुख्य उदेश्य**

फाउंडेशन के मुख्य उद्देश्यों में मानव सेवा, अनाथ बच्चों, बुजुर्ग लोगों की सहायता करना, कच्ची बस्तियों और अन्य गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री और शिक्षा उपलब्ध करवाना, स्वास्थ्य सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण करना है।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए दो हजार से ज्यादा लगा चुके पौधे**

पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए फाउंडेशन द्वारा चौमूं के आस- पास अनेक सार्वजानिक स्थानों पर लगभग दो हजार से ज्यादा पौधे लगाए जा



चुके हैं ।

**अनाथ लड़की की करवाई शादी**

फाउंडेशन द्वारा एक अनाथ लड़की की पूरे रस्मों रिवाज के साथ शादी पूर्ण करवाई और एक दिव्यांग गरीब लडकी के लिए टॉयलेट भी बनवाया गया है।

**ये रहेगी भविष्य की योजनाए**

अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश ने बताया कि आने वाले समय में फाउंडेशन द्वारा पुराने कार्यों को यथावत चालू रखते हुए, शिक्षण एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में भी समाज के असहाय लोगों की मदद करने का बीड़ा उठाया है। आवर हैण्ड फॉर हेल्प फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी और संस्था के वोलेंटीयर्स द्वारा कच्ची बस्तियों में जाकर बच्चों को पढाया जाएगा। संस्था द्वारा स्कूल और बस्तियों में प्रशासन की सहायता से सेमिनार, मेंटल एजुकेशन प्रोग्राम, फिजिकल एजुकेशन भी प्रदान की जाएगी ।

संस्था सचिव विकाश चौधरी ने बताया कई असहाय बच्चों का शिक्षण संस्था में स्कूल में नामांकन नहीं हो पाता है, क्योंकि उनके पास पूरे दस्तावेज नहीं होते है। ऐसे बच्चों के दस्तावेज तैयार करवाने में फाउंडेशन उनकी मदद करेगा । कुछ माता पिता एवं बच्चें ऐसे भी होते है जिनको शिक्षा का महत्व पता नहीं है, ऐसे लोगों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य भी किया जाएगा।

सह संस्थापक उप सचिव रवि सैनी ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में माहवारी के बारे में महिला और किशोरियों को जागरूक किया जायेगा साथ ही सेनेट्री पैड्स भी उपलब्ध करवाया जायेगा । लडकियों के साथ लडकों को भी माहवारी के बारे में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करके एक अच्छे समाज का निर्माण करने का प्रयास किया जाएगा।

**लगाएंगे मेडिकल कैम्प**

फाउंडेशन सदस्यों द्वारा रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। मेडिकल डिपार्टमेंट के सदस्यों द्वारा मेडिकल अवेयरनेस कैंप, मेडिकल हेल्प भी कच्ची बस्तियों और जरुरतमन्द लोगों को उपलब्ध करवाई जाएगी।

प्रेस वार्ता के दौरान उपाध्यक्ष महेश चौधरी, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश मीना, सदस्य अमित, हेमंत शर्मा, कीर्ति, अंशु, आशा आदि मौजूद रहे।

# दया दृष्टि फाउंडेशन ने दिया 101 वरिष्ठ जनों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**जयपुर (हमारा वतन)** पिंकसिटी जयपुर के दया दृष्टि फाउंडेशन ने जवाहर सर्किल स्थित ईटरनल हॉस्पिटल में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले 101 वरिष्ठ जनों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया। फाउंडेशन संस्थापक अध्यक्ष पूनम खंगारोत ,अलका जैन चौधरी और शिखा शर्मा ने पधारे हुए सभी सम्मानित सीनियर सिटीजन का सम्मान किया और कहा कि आपकी मेहनत, लगन और अनुभव ने आजादी के बाद के भारत को सिंचित किया है, हमें बड़ा गर्व महसूस हो रहा है कि आज हमें आप को सम्मानित करने का मौका मिला ।

फाउंडेशन संरक्षक गोपाल गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गोपाल सिंह शेखावत (ईडवा) ने की । मंच का मधुर संचालन शालिनी माथुर, प्रतिभा शर्मा और अक्षी जैन ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नृत्य गुरु और अभिनेत्री उषा श्री,ओपी






माथुर,मुन्ना लाल गोयल,हरपाल सिंह पाली, डॉ. अलका राव,मीना उपाध्याय,कुलसुम मलिक,पृथ्वीराज,कर्नल जेपी शर्मा,फूलवती,आशुतोष श्रीवास्तव,रोशन लाल शर्मा आदि 101 हस्तियों का सम्मान हुआ ।

इस दौरान फाउंडेशन सदस्य प्रतिभा शर्मा, शीतल शर्मा, अभ्युदय शर्मा, विनम्र शर्मा, अमिता पांडे ,सोनल खंगारोत, रोहित खालिया, निशा बंसल, राजेश्वर सिंह, खुशबू शर्मा, स्नेहा सिंह आदि मौजूद रहे।



# 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ की पूर्णाहुति में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जयपुर (हमारा वतन) चौमूं तहसील के हाडौता ग्राम स्थित अंजनी हनुमान मंदिर के महंत हरि कृष्णदास ग्वालिया बाबा के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ यज्ञ की पूर्णाहुति श्री श्री 1008 राघवाचार्य महाराज व अंजनी हनुमान मंदिर के मंहत हरि कृष्ण दास महाराज द्वारा की गई। इस अवसर पर श्री राम दरबार की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पंडितों के मंत्र उच्चारण के साथ की गई। रामनवमी के दिन होने के कारण यज्ञ मंडप में बैठे यज्ञ यजमानों ने जय श्री राम का जयघोष लगाकर पांडाल को गुंजायमान कर दिया। इस पावन पर्व पर राघवाचार्य महाराज ने कहा कि यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है तथा राम के गुणगान करने से बैकुंठ की प्राप्ति अवश्य होती है।

अंजनी हनुमान मंदिर के महंत हरि कृष्ण दास महाराज ने कहा कि प्रभु के गुणगान बिना यह जीवन अधूरा रहता है। सभी लोगों को प्रभु का गुणगान अवश्य करना चाहिए। मंदिर कमेटी की ओर से यज्ञ यजमानों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान यज्ञ देखने आए श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा करके मनौती मांगी। इस मौके पर हरि कृष्ण दास महाराज के द्वारा पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, कैलाश राज सैनी, प्रह्लाद अधोप्या सहित अन्य अतिथि गणों का स्वागत किया। अंत में महाराज ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

# चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार ने शिक्षा नगरी कोटा में किया कोरोना योद्धाओं का सम्मान

**कोटा (हमारा वतन)** शिक्षा नगरी कोटा में चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर द्वारा 101 कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया । संस्था की कोटा प्रभारी निर्मला दहिया ने बताया कि जिन लोगों ने कोरोना काल में अपनी सेवाएं दी उन करोना योद्धाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ चंद्र शेखर सुशील मानसिक रोग व नशा मुक्ति विशेषज्ञ अधीक्षक न्यू मेडिकल कॉलेज कोटा रहे । विशिष्ट अतिथियों में डॉ. सुमन मीणा एम बी बी एस , एम . एस.सह आचार्य स्त्री रोग एवम प्रसूति रोग विशेषज्ञ, जे . पी.महावार चीफ प्लानिंग ऑफिसर,नवल प्रिंसिपल रहे । कार्यक्रम का शुभ आरंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान माला,दुप्पटा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। ट्रस्ट की फाउंडर डॉ.चंद्रकला गोठवाल ने बताया की विपरीत परिस्थितियों में जिन लोगों ने कंधे से कंधा



मिलाकर देश सेवा का जो बीड़ा उठाया था,उन सभी का सम्मान करना हमारे लिए बड़े गौरव का विषय है । हमें बड़ी खुशी हो रही है कि आज हम इनका सम्मान करने का माध्यम बने। शिक्षा नगरी कोटा में चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट का यह अभिनव प्रयास सभी के लिए सराहनीय रहा । आए हुए सभी अतिथियों ने अपने - अपने विचार व्यक्त किए और साथ ही कहा कि इस तरह सभी संस्थाएं मिलकर काम करती है ,तो निश्चित ही हम चाहे दुश्मन अदृश्य हो या दृश्य किसी भी प्रकार की मुसीबत में हम सब एक होकर उन से लड़ सकते हैं जीत सकते हैं और भविष्य में आने वाली इस तरह की मुसीबतों के प्रति अपने आप को मजबूत कर सकते हैं । सब जानते हैं कि कोरोना ऐसी महामारी थी जो अदृश्य दानव के रूप में हमारे सामने थी । जिन लोगों ने अपना सब कुछ भूल कर मानवता के प्रति एकता की जो मिशाल पेश की, वह सराहनीय है और हमें इस तरह के कार्य करने की प्रेरणा देती है । हम जानते हैं नर सेवा नारायण सेवा है ।

## चौमूं शहर में खुला पहला चाइल्डहुड मल्टी ब्रांड शूज स्टोर

**चौमूं (हमारा वतन)** चौमूं शहर के जयपुर रोड स्थित जेडी टावर में बर्सिलोना मेंस वियर के बाद चाइल्डहुड मल्टी ब्रांड शूज स्टोर का भव्य शुभारंभ हो गया है । स्टोर का शुभारंभ श्री श्री 1008 प्रह्लाद दास जी महाराज कुंडा धाम ने अपने कर कमलों से फीता काटकर किया । स्टोर संचालक मोहन लाल ने बताया कि हमारे यहां पर सभी विश्व स्तरीय ब्रांडो के शूज डिस्काउंट रेट पर उपलब्ध हैं । चौमूं शहर में अब एक ही छत के नीचे ग्राहकों को सभी प्रकार के शूज उपलब्ध रहेंगे। शुभारम्भ के अवसर पर आरएलपी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव,



भाजपा युवा नेता शंकर गौरा, लॉ कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष अमित कुमार बड़बड़वाल, आम आदमी पार्टी के विधायक प्रत्याशी पवन कुमार प्रजापति,रमेश गुलिया,प्रभु चौधरी, आरएलपी नेता सोहन चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की । पहले ही दिन खरीददारों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने अपनी पसंद के ब्रांड के शूज एक ही स्थान पर मिलने पर तारीफ की और कहा कि अब समय और पैसे की बचत भी होगी । जानकारी के लिए आपको बता दें कि कुछ महीनों पहले ही बर्सिलोना मेंस वियर स्टोर का भी शुभारंभ किया था, इससे ग्राहकों का जबरदस्त रेस्पॉन्स मिल रहा है ।

## जॉब्स

1. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद एमटीएस और हवलदार, पद संख्या 3603+, अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2022
2. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद पशुधन सहायक, पद संख्या 1136, अंतिम तिथि 27 अप्रैल 2022
3. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद लैब असिस्टेंट, पद संख्या 1012, अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2022
4. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद हाउसकीपर, पद संख्या 33, अंतिम तिथि 4 मई 2022
5. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद सेकंड ग्रेड टीचर, पद संख्या 9760, अंतिम तिथि 10 मई 2022
6. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद सीएमएस, पद संख्या 687, अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2022
7. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद आईईएस/ आईएसएस, पद संख्या 53, अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2022
8. इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), पद एसीआईओ ग्रेड सेकंड, पद संख्या 150, अंतिम तिथि 7 मई 2022

## छोरो मारवाड़ी के डायरेक्टर विनोद शर्मा ने सचिन पायलट से की मुलाकात

**जयपुर (हमारा वतन)** छोरो मारवाड़ी के डायरेक्टर विनोद शर्मा ने सचिन पायलट से मुलाकात की और पोस्टर का विमोचन करवाया । विनोद शर्मा ने बताया कि इस दौरान गांव की समस्याओं के बारे में चर्चा और हुई पायलट साहब ने जल्दी ही बरना गांव में छोरो मारवाड़ी शो पर आने की बात कही । आमेर विधायक प्रत्याशी प्रशांत सहदेव शर्मा ने कहा कि जालसू पंचायत समिति के गांव बरना में हीरा बाबा की ढाणी में छोरो मारवाड़ी के नाम से विनोद शर्मा चैनल चलाते हैं जो समाज के हित में ही कार्य करता है । इस दौरान कालूराम बागड़ा, मनीष बागोरिया महासचिव यूथ कांग्रेस, विनोद शर्मा (बागड़ा), ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालाराम बलेसरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग अध्यक्ष अभिषेक सैनी,महावीर सैनी,दिनेश खंडेलवाल इत्यादि मौजूद रहे ।






## KGF Chapter 2 पर शहनाज गिल का ट्वीट, श्रीनिधि शेट्टी से कहा- रॉकी भाई के लिए गोली खाई आपने...

एक्ट्रेस व सिंगर शहनाज गिल अक्सर अपनी क्यूटनेस और हाजिर जवाबी से फैन्स का दिल जीत लेती हैं। सिद्धार्थ शुक्ला के निधन के बाद धीरे- धीरे शहनाज गिल अब सोशल मीडिया पर एक्टिव हो गई हैं और अपनी फोटोज- वीडियोज के साथ ही साथ फैन्स संग भी रूबरू होने लगी हैं। इन दिनों यश स्टारर फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 की



धूम मची हुई है, ऐसे में शहनाज ने भी केजीएफ 2 देखी और ट्वीट किया। शहनाज के ट्वीट पर एक्ट्रेस श्रीनिधि शेट्टी ने भी जवाब दिया, जिसका शहनाज ने बेहद क्यूट रिप्लाई किया।ओपनिंग डे में ही 53.95 करोड़ रुपये की कमाई के साथ रिकॉर्ड बनाने वाली फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 को दर्शकों से तगड़ा रिस्पॉन्स मिल रहा है। वहीं फिल्म शहनाज गिल को भी पसंद आई है। शहनाज ने फिल्म की तारीफ करते हुए ट्वीट में लिखा, शुभकामनाएं... आप सभी को मेरा प्यार..., वॉयलेंस बहुत पसंद आया यश... पीस आउट। श्रीनिधि शेट्टी, संजय दत्त, रवीना टंडन और प्रशांत नील... बहुत अच्छा काम किया। हैट्स ऑफ केजीएफ 2.शहनाज गिल के इस ट्वीट को उनके फैन्स के साथ ही साथ आम सोशल मीडिया यूजर्स ने भी खूब पसंद किया। केजीएफ 2 को खूब पसंद कर रहे दर्शकों न भी शहनाज के ट्वीट पर कमेंट किया। वहीं शहनाज के ट्वीट पर केजीएफ एक्ट्रेस श्रीनिधि शेट्टी ने भी रिप्लाई किया। श्रीनिधि ने रिप्लाई में थैंक्यू लिखा और कुछ इमोजीस के इस्तेमाल किए। शहनाज के साथ ही फैन्स ने श्रीनिधि की भी तारीफ करते हुए उनके कमेंट पर रिप्लाई किया।वहीं शहनाज गिल ने श्रीनिधि शेट्टी के रिप्लाई पर एक क्यूट सा ट्वीट किया।

## ये रिश्ता क्या कहलाता है मोहेना कुमारी ने दिया बेबी बॉय को जन्म! जल्द करेंगी ऑफिशियल ऐलान

टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है की एक्ट्रेस मोहेना कुमारी सिंह और सुयश रावत की जिंदगी में एक नन्हा मेहमान आया है। खबर है कि मोहेना कुमारी ने बेटे को जन्म दिया है और बहुत जल्द दोनों इस बारे में आधिकारिक घोषणा करेंगे। मोहेना पिछले काफी वक्त



से अपनी प्रेग्नेंसी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर रही थीं और फैंस को भी लंबे वक्त से इस गुड न्यूज का इंतजार था। अब आखिरकार मोहेना और सुयश माता-पिता बन गए हैं।कुछ दिनों पहले ही मोहेना ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर बताया था कि कैसे उनके फॉलोअर्स ने वर्चुअल सरप्राइज बेबी शॉवर ऑर्गनाइज किया था जिससे उन्हें बहुत ज्यादा खुशी मिली। मोहिना ने सोशल मीडिया पर लिखा, वर्चुअल बेबी शावर... इस प्यारे से सरप्राइज के लिए सभी का धन्यवाद। वर्चुअल गोद भराई बहुत प्यारी थी। सभी को ढेर सारा प्यार। मोहिना के पति सुयश और उनके दोस्त अमेय मेहता ने भी परिवार के सदस्यों के साथ उनके लिए एक गोद भराई ऑर्गनाइज की थी। इस कार्यक्रम में उन्होंने अपने परिवार के साथ बहुत खूबसूरत वक्त बिताया। मोहेना ने लिखा, %सबसे कमाल की गोद भराई के लिए सभी का शुक्रिया।% मोहेना ने लिखा कि वह इस दिन को कभी भी भूल नहीं पाएंगी।मोहेना मध्य प्रदेश के रीवा के शाही परिवार से संबंध रखती हैं। उन्होंने 14 अक्टूबर, 2019 को राजनेता और व्यवसायी सुयश रावत से शादी की। वह इस समय मुंबई में रह रही हैं। जहां तक बात उनके मां बनने की हैं, तो इस बारे में वह जल्द ही एक सोशल मीडिया पोस्ट करके फैंस को सूचित कर सकती हैं।

## मलाइका अरोड़ा ने एक्सीडेंट के बाद शेयर की पहली सेल्फी, बताया अब कैसा है उनका हाल

मलाइका अरोड़ा का कुछ दिनों पहले एक्सीडेंट हो गया था। जब वह पुणे से एक इवेंट अटेंड करके घर आ रही थीं तब उनका एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद मलाइका



1 दिन अस्पताल में रहीं और फिर उन्हें छुट्टी मिल गई थी। तबसे लेकर अब तक मलाइका घर में ही रेस्ट कर रही हैं। वह सोशल मीडिया पर भी अब एक्टिव हो गई हैं। अब मलाइका ने अपनी सेल्फी शेयर की है। फोटो में आप देखेंगे कि मलाइका ने ब्लैक कलर का डीप नेक ड्रेस पहना है। इसके साथ ही मलाइका ने कैप पहनी है। फोटो शेयर करते हुए मलाइका ने लिखा, हीलिंग।इस फोटो को देखकर ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि मलाइका ने इसलिए नीचे से फोटो क्लिक की है ताकि वह ऊपर की चोट छिपा सकें। हालांकि जब फोटो को जूम करेंगे तो आईब्रोज के पास हल्की चोट दिख रही है।इससे पहले मलाइका ने एक्सीडेंट के बाद एक पोस्ट शेयर किया था उसमें मलाइका, घर की खिड़की के पास नजर आ रही हैं।

# पारीक समाज के सामूहिक विवाह सम्मलेन में 9 जोडे बंधे परिणय सूत्र बंधन में

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं शहर में महर्षि पराशर (पारीक) सेवा समिति चौमूं के तत्वाधान में पारीक समाज का चतुर्थ सामूहिक विवाह रामनवमी के पावन पर्व पर बालिका आदर्श विद्या मंदिर केशव नगर चौमूं में संपन्न हुआ। समिति प्रवक्ता सत्य प्रकाश पारीक राजभाषी ने बताया कि इस बार चतुर्थ सामूहिक विवाह में 9 जोड़ों का विवाह हुआ है जिसमें जोड़े सवाई माधोपुर, बूंदी, चौमूं तहसील व नागौर सहित अनेक स्थानों के रहे। गढ़ गणेश से निकासी गाजे-बाजे और लवाजमा के साथ रवाना हुई जो मुख्य बाजार, रावला चौक, सदर बाजार, चौपड़, नया बाजार, रावण गेट सर्किल होती हुई केशव नगर से बालिका आदर्श विद्या मंदिर पहुंची। ठीक 11:15 बजे तोरण का कार्यक्रम हुआ। तोरण कार्यक्रम के बाद सामूहिक रुप से वरमाला हुई जो का दृश्य देखने लायक था। हजारों की भीड़ पारीक समाज की उपस्थिति में वरमाला के पश्चात फोटो सेशन तथा पाणिग्रहण संस्कार का आयोजन हुआ। इसी के साथ मंच पर समिति के शक्तिमान रघुवर दयाल पारीक व भगवान सहाय पारीक सहित अध्यक्ष रामअवतार पारीक, उपाध्यक्ष दीनदयाल, ललित, मोहन ,घनश्याम बोहरा, लव कुमार पारीक ,विनोद कुमार पारीक,गोविन्द पारीक सहित समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहकर आगंतुकों का मान व सम्मान किया। पाणीग्रहण संस्कार के बाद कंवर कलेवा, सिरगुथी, फेर फाटा रस्म होने के बाद ब्यायी मिलणी के साथ हथलेवा कार्यक्रम किया गया। संपूर्ण समाज ने मिलकर वधूओं को अनेक उपहार के साथ समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रेम कौशल पारीक चौमूं वालों के द्वारा प्रत्येक वधु को 5100 रुपए की एफडीआर दी गई। आगंतुकों का समिति अध्यक्ष रामअवतार पारीक के द्वारा आभार व्यक्त



किया गया और अपेक्षा की कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में संपूर्ण पारीक समाज सहयोग करेगा। समिति के विशिष्ट सदस्य अशोक केशोट द्वारा स्वर्णाभूषण,डाबडी पारीक परिवार द्वारा एलईडी टीवी, विशिष्ट सदस्य राधेश्याम सिनोदिया द्वारा गैस कनेक्शन, बच्चन पारीक खतवाडी द्वारा सिलाई मशीन, वरूण मानसरोवर द्वारा कूलर प्रत्येक वधु को उपहार स्वरूप प्रदान किए । इसके अलावा समस्त समाजबन्धुओ द्वारा यथा योग्य उपहार व कार्यक्रम के लिये नगद राशि का सहयोग किया गया। मंच संचालन सत्यप्रकाश पारीक, पूरणमल, अशोक पारीक, ललित कुमार पारीक द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अन्त में सचिव रामनिवास पारीक व सह सचिव विनोद कुमार पारीक द्वारा आगन्तुको का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## गुलाबी नगर जयपुर में हुई मेट्रो 5 कैफे की भव्य लॉन्चिंग

**जयपुर (हमारा वतन)** गुलाबी नगर जयपुर में व्यास मार्ग, राजा पार्क स्थित मेट्रो 5 कैफे की भव्य लॉन्चिंग हरमीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, रविंद्र पाल सिंह, इंद्रपाल सिंह ,कमलदीप, रिचा, निशप्रीत, सरोज हरीश के कर कमलों द्वारा की गयी । कैफे संचालक अनमोल सिंह अरोड़ा,मंजीत अरोड़ा और सर्वजीत सिंह ने बताया कि जयपुर शहर में यूं तो बहुत सारे कैफे हैं लेकिन इस कैफे में ग्राहकों को एक अलग ही अनुभव प्राप्त होगा । जिसमे कैफ़े के अलावा इनडोर गेम्स,किट्टी पार्टी और बर्थडे पार्टी के लिए विशेष सुविधा मिलेगी । महिलाओं को विशेष छूट मिलेगी । मंजीत अरोड़ा ने सभी आगंतुकों का गर्मजोशी से स्वागत सम्मान किया । जानकरी के लिए आपको बता दें कि मंजीत अरोड़ा समाजसेवा के कार्यों से जुडी हुई हैं । लोगों की सेवा करने से इनके मन को सुकून मिलता है ।

## सोनिया गांधी ने कांग्रेस वर्कर के तौर पर दर्ज कराया नाम, संगठन चुनाव में लेंगी हिस्सा

नई दिल्ली(एजेंसी)। कांग्रेस के विशेष सदस्यता अभियान के आखिरी दिन शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी की डिजिटल सदस्य के तौर पर अपना नाम दर्ज कराया। सोनिया गांधी से पहले पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी पार्टी के डिजिटल सदस्य बन चुके हैं। सोनिया गांधी आगामी संगठन चुनाव में हिस्सा लेंगी। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के डेटा विश्लेषण विभाग के प्रमुख प्रवीण चक्रवर्ती ने सोनिया गांधी का नाम कांग्रेस के डिजिटल सदस्य के तौर पर शामिल किया। बाद में कांग्रेस के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने सोनिया गांधी को डिजिटल पहचान पत्र सौंपा। हाल में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेता पार्टी के डिजिटल सदस्य बने थे।गौरतलब है कि कांग्रेस ने पिछले महीने अपने विशेष सदस्यता अभियान को 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया था और यह 15 अप्रैल तक चला।

## प्रदेश अध्यक्ष पूजा पाठक ने किया रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

जयपुर (हमारा वतन) भाजपा नेत्री पूजा पाठक ने विप्र सेना द्वारा आयोजित भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्षय में आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के पोस्टर विमोचन किया। पूजा पाठक ने कहा कि किसी अन्य की रगों में दौड़ने के लिए हमें रक्तदान अवश्य करना चाहिए । रक्तदान कर हम सच्ची मानवता का



फ़र्ज़ निभा सकते हैं ।रक्दाताओं को उपहारस्वरुप हेलमेट प्रदान किए जायेंगे । संयोजक अजीत जोशी एवं धीरज शर्मा ने बताया कि 1 मई 2022 को प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक सेक्टर 4,परशुराम भवन विद्याधर नगर में विप्र सेना द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा ।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# हिंदी को अंग्रेजी की जगह देश की संपर्क भाषा बनने की क्षमता



राम गोपाल सैनी

वर्ष 1937 में तत्कालीन मद्रास प्रांत में हिंदी को लागू करने के विरोध की जो राजनीति शुरू हुई, वह अब तक जारी है। इसी विरोध की आड़ में हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा के तौर पर स्थापित करने के गांधी जी के विचार को तिलांजलि दे दी गई। उसके बाद जब भी हिंदी को अंग्रेजी की जगह देश की संपर्क भाषा बताने की बात होती है, तब विशेषकर दक्षिण भारत के तमिलनाडु से राजनीतिक विरोध शुरू हो जाता है। गत दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजभाषा संसदीय समिति की बैठक में हिंदी को अंग्रेजी की जगह संपर्क भाषा के तौर पर अपनाने की बात क्या कही, एक बार फिर पहले की ही तरह हिंदी का विरोध शुरू हो गया है। हिंदी विरोध की इस राजनीति को मोदी विरोध के हथियार के तौर पर भी स्वीकार कर लिया गया है।अगर ऐसा नहीं होता तो इसमें कर्नाटक के कांग्रेसी नेता सिद्धरमैया भी शामिल नहीं होते। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी इसका विरोध कर रही हैं। अमित शाह ने जो कहा, वह हिंदी के संदर्भ में भारत का सच है। इस सच को देखने के लिए उस श्रीलंका की तरफ देखना होगा, जहां की हर घटना का असर तमिलनाडु की राजनीति और जनजीवन पर पड़ता है। श्रीलंका में हिंदी किस कदर स्थान बना चुकी है, इसे समझने के लिए वहां इन दिनों जारी विरोध-प्रदर्शनों की मीडिया रिपोर्टिंग को देखा जाना चाहिए। वहां रिपोर्टिंग करने पहुंचे भारतीय हिंदी टीवी चैनलों के संवाददाता स्थानीय लोगों से हिंदी में सवाल पूछ रहे हैं और श्रीलंका के लोग हिंदी में ही जवाब भी दे रहे हैं। बंगाल के चुनावों में भाजपा से दो-दो हाथ करते हुए ममता बनर्जी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की परंपरा को भी अपना हथियार बनाया था, लेकिन हिंदी का विरोध करते वक्त वह उनकी कोशिशों को भूल गई। सुभाष बाबू कहा करते थे कि जनता के साथ राजनीति हिंदी के जरिये ही हो सकती है। कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के बाद हिंदी में सहज तरीके से काम करने में दिक्कत न हो, इसके लिए उन्होंने हिंदी सीखी थी। ऐसे में ममता के विरोध का कोई तुक समझ में नहीं आता। गांधी जी के बाद हिंदी की मजबूत आवाज लोहिया थे।

# मां शक्ति संज्या कंवर बाईसा मंदिर में हुआ विशाल कन्या प्रसादी का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं तहसील के ईटावा भोपजी स्थित मां शक्ति संज्या कंवर बाईसा सांझी बाया में नवरात्रों के उपलक्ष्य में कन्या पूजन कर विशाल कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया । मंदिर सेवक कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत के सानिध्य में कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया , क्योंकि पुण्य की जड़ सदा हरी रहती है । हम सभी को समय रहते धार्मिक कार्यों में शामिल होकर भागीदारी निभानी चाहिए। कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि मां शक्ति संज्या कंवर बाईसा की सगाई जयपुर के हाथोज स्थित राठौड़ परिवार में कर दी गई थी और सगाई करने के कुछ दिन बाद ही होने वाले पति युद्ध में शहीद हो गए तो संज्या कंवर बाईसा के सत चढ़ गया तो परिवार वालों ने कहा कि आपकी शादी तो अभी हुई नहीं तो बाईसा ने कहा कि मेरी सगाई हुई थी उसी दिन मैंने उनको अपना पति मान लिया था और अब मैं सती होउंगी । सती होने पर इस स्थान पर मंदिर बनाया गया था । जिसका जीर्णोद्धार कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने 25 जून 2011 को करवाया था । 25 जून को प्रतिवर्ष पाटोत्सव मनाया जाता है । आज नवरात्रों में कन्या प्रसादी का आयोजन भी किया गया है । लोग इस जगह को सांझी बाया के नाम से पुकारते हैं ।



# माँ तू पास होती तो कह देता

थकान बहुत होती है पढ़ते पढ़ते,
माँ तू पास होती तो कह देता कि एक कप चाय बना दे।।
थक सा गया हूँ मैस की रोटी खा-खा कर,
माँ तू पास होती तो कह देता अच्छे पकवान बना दे।।
बंद हो गया हूँ छात्रावास के कमरे की चारदीवारी में,
माँ तू पास होती तो कहता बाहर घूमा दे।।
करता हूँ कोशिश रोज खुश होने की,
माँ तू पास होती तो जरा मुस्कुरा लेता।।
परेशानियाँ तो बहुत है यहाँ
अगर तुझे बताता माँ तो तुझे भी रुला देता।।
थोड़ा दूर निकल आया हूँ अपने घर से,
माँ अगर तेरे सपनो की फ़िक्र न होती तो कब का लौट आता ।।
निकला हूँ घर से बस ये ही सोचकर कि हजारो मुश्किलों के बाद
माँ - पापा को संसार कि सब खुशियां दिला सकूँ।।



**विकास कुमार उज्जैनियां**
**छात्र, मुंबई (महाराष्ट्र)**

# यू.ई.एम. ने महामारी के दौरान प्लेसमेंट व अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को किया मजबूत



**जयपुर (हमारा वतन)** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, (यूईएम) जयपुर राज्य का एक प्रमुख निजी विश्वविद्यालय है, जिसने इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रमों के लिए 2012 में अपने पाठ्यक्रम शुरू किए थे। यह विश्वविद्यालय NAAC से मान्यता प्राप्त, AICTE द्वारा अनुमोदित, ISO प्रमाणित और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, एसोसिएशन ऑफ कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज यूके और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज फ्रांस का सदस्य है।

प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि महामारी युग भी एक डिजिटल युग था। कैसे महामारी के बाद की दुनिया डिजिटल सुविधाओं के साथ विलय किए गए भौतिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करके छात्रों को इंजीनियरिंग जैसे पेशेवर पाठ्यक्रमों में बहुत अधिक वेतन वाली नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त करने में मदद कर रही है । ऑनलाइन मोड में पढ़ाई चालू करने से विद्यार्थियों के लिए देश-विदेश के प्रोफ़ेसरों के साथ चर्चायें , सेमिनार , क्लासेज , वेबिनार, प्रशिक्षण आदि के साथ-साथ गूगल के कॉम्पिटिशन व नेशनल हेकेथोन में भाग ले सके। फिजिकल मोड की सुविधाओं को तो हम भली भांति जानते है और ऑनलाइन मोड पर फॉरेन प्रोफेसरों के साथ चर्चाये होने से विद्यार्थियों के विकाश में सुधार हुआ है जिससे की उनके प्लेसमेंट में मदद मिली और फॉरेन प्लेसमेंट में बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2022 के एक विद्यार्थी को गूगल से 79 लाख रुपये प्रतिवर्ष का ऑफर मिला है और यह विद्यार्थी 2022 पास करने के बाद की पढ़ाई पूरी होने के बाद ज्वाइन करेगा साथ ही 2022 चतुर्थ वर्ष के एक विद्यार्थी को अमेरिकन कंपनी में सालाना 15 लाख रुपये का स्टायी फंड के साथ इंटर्नशिप करने का ऑफर मिला है जिसका इंटर्नशिप चल रहा है, इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी होने पर उसी विध्यार्ती को अमेरिकन विदेशी कंपनी से लगभग 1 करोड़ रुपये सालाना ऑफर मिलने की सम्भावना है। इससे यह स्पष्ट होता है, की ऑनलाइन मोड़ पर अच्छे प्लेसमेंट/इंटर्नशिप की संभावनाएं भी बढ़ी है। यू.ई.एम, जयपुर के छात्रों का प्लेसमेंट पिछले 5 वर्षों की तुलना में वर्ष 2021 व 2022 (महामारी के दौरान) मे सर्वश्रेष्ठ रहा । महामारी के दौरान यूनिवर्सिटी के विद्यार्थिओं के लिए ऑनलाइन मोड़ बहुत सफलतम रहा है। साधारण लर्निंग में बच्चो को क्लास में पढ़ाया जाता है उसके बाद उसे प्रैक्टिकल रूप में समझने का प्रयास करते है जिसमे बच्चे असफल रहते है, क्योंकि एक बार में बिना प्रैक्टिकल किये समझना मुश्किल होता है और भूल जाते है। यूईएम में पूर्व से ही विध्यार्तीयों के लिए ई लर्निंग के माध्यम से पढ़ाया जाता रहा है, ऑनलाइन मोड में पढ़ाई के दौरान विद्यार्थिओं को यूट्यूब के माध्यम से लिंक उपलब्ध करा दिया जाता था।

जिससे की विध्यार्ती को क्लास में पढ़ाई के दौरान विषय को समझने में आसानी रहती है, इसे एप्लीकेशन ओरिएंटेड लर्निंग कहा जाता है। लॉकडाउन के दौरान, छात्रों को टीसीएस, विप्रो, कैपजेमिनी और अन्य कंपनियों से नौकरी के ऑफर मिले है। वर्ष 2021 में विश्वविद्यालय के छात्र को गीगा डाटा सेंटर, एटलांटा, (यू.एस.ए) कि तरफ से 72 लाख रुपये सालाना का सबसे अधिकतम वेतन ऑफर मिला, 2021 बैच के एक छात्र अभिजीत शाह को विभिन्न कम्पनियॉ से 6, 3 छात्रों को 5, 8 छात्रों को 4, 17 छात्रों को 3 व बाकी सभी छात्रों को 1-2 नौकरी के ऑफर मिले है। साथ ही वर्ष 2022 बैच के एक छात्र हर्षित को विभिन्न कम्पनियॉ से 6, 2 छात्रों को 5, 5 छात्रों को 4, 14 छात्रों को 3 व बाकी सभी छात्रों को 1-2 नौकरी के ऑफर मिले है। यू.ई.एम जयपुर में प्लेसमेंट के लिए वर्ष 2021 में 155 कम्पनियों ने व वर्ष 2022 मे अभी तक 122 कम्पनियों ने विभिन्न छेत्रों में नौकरी अवसर प्रदान किये है। यूईएम जयपुर राजस्थान के लिए टाइम्स बी-स्कूल रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है और यह शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आईआईसी रैंकिंग में सर्वोच्च विश्वविद्यालय भी है। फिजियोथेरेपिस्ट विभाग को इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा वर्ष 2021-24 के लिए 4 स्टार्ट कैटेगरी का दर्जा दिया गया है। प्रेस कांफ्रेंस को यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी , प्रो डॉ प्रदीप कुमार शर्मा -रजिस्ट्रार व डीन प्रो डॉ अनिरुद्ध मुख़र्जी ने सम्बोधित किया। उप निदेशक प्रोजेक्ट संदीप कुमार अग्रवाल ने जानकारी दी।

## डिजिटल अज्ञानता किसी व्यक्ति को अपना सबसे बड़ा दुश्मन बना सकती है : मुग्धा सिन्हा

जयपुर (नि.सं.)। ऐसी दुनिया में जहां वास्तविकता विज्ञान फिक्शन की नकल कर रही है, डिजिटल अज्ञानता एक व्यक्ति को अपना सबसे बड़ा दुश्मन बना सकती है, यह मुग्धा सिन्हा ने मिलिटेरिया 2022 में कहा। सेशन सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में सरकारी अधिकारियों की भूमिका पर केंद्रित था और पैनल में मुग्धा सिन्हा, सचिव और आयुक्त, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार और श्री सुरेश चौधरी, पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त, राजस्थान सरकार शामिल थे।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा